सूरते हाल | उन्नाव व हरदोई के क्लस्टर में भी उद्यमियों के लिए जमीन का दाम तय, तीन शहरों में दिए जाएंगे भूखंड

संभल में औद्योगिक क्लस्टर बनाने की तैयारी

■ अजित खरे

लखनऊ। मंदिर- मस्जिद विवाद से चर्चा में चल रहे संभल में अब औद्योगिक क्लस्टर बना कर निवेश व रोजगार लाने की तैयारी है। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े उद्योग लगेंगे। निवेशकों को जल्द जमीन आवंटित की जाएगी। इसी तरह के क्लस्टर उन्नाव व हरदोई में बनेगा है। यूपीडा की पांच एक्सप्रेसवे के किनारे 29 स्थानों पर आईएमएलसीबनाने की योजना पर अब काम तेज हो गया है।

बदलती तस्वीर

संभल- क्लस्टर

1 संभल में 239.10 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की है। यहां 1.2 हेक्टेयर व उससे अधिक के भूखंड निवेशकों के लिए विकसित किए हैं। न्यूनतम दर 4640 प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। यह जगह संभल अनूप शहर रोड पर है। एक ओर यह गंगा एक्सप्रेसवे के निकट है तो संभल गजरौला हाइवे से जुड़ा है।

हरदोई- क्लस्टर

2 यह क्लस्टर फर्रुखाबाद हरदोई स्टेट हाइवे के नजदीक है। शाहाबाद रेलवे स्टेशन यहां से 35 किमी व हरदोई रेलवे स्टेशन यहां से 50 किमी है। हरदोई में 3105 प्रति वर्ग मीटर की दर से यहां निवेशकों को भूखंड दिए जाएंगे। यूपीडा ने यहां 134.92 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत कर ली गई है।

उन्नाव- क्लस्टर

3 उन्नाव में 135.26 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की है। यहां 11.36 हेक्टेयर क्षेत्रफल के प्लाट पर निवेशक उद्योग लगा सकेंगे। यहां जमीन की दर 5010 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। गंगा एक्सप्रेसवे के अलावा इसकी लोकेशन लखनऊ कानपुर हाइवे के भी नजदीक है।